राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

आवश्यक सूचना

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के विज्ञापन संख्या 11/2019 (पी.आर.सं. 012949/2019–20) के तहत विज्ञापित District Epidemiologist (IDSP) के पदों पर चयन हेतु दिनांक 20.01.2020 तक सुयोग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये तथा दिनांक 13.03.2020 को अभ्यर्थियों का ऑनलाईन Computer Based Test (CBT) लिया गया था। उक्त CBT में सफल अभ्यर्थियों में से रिक्ति के अनुसार 1:2.5 के अनुपात में प्रमाण–पत्र सत्यापन हेतु 62 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

कोरोना वायरस (COVID-19) वैश्विक महामारी को फैलने से रोकने के लिए लागू किये गये लॉकडाउन को ध्यान में रखते हुए प्रमाण–पत्र सत्यापन हेतु शॉर्टलिस्टेड 62 अभ्यर्थियों की सूची राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के वेबसाईट statehealthsocietybihar.org पर प्रकाशित की गयी तथा शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को ईमेल, SMS एवं दूरभाष के माध्यम से प्रमाण–पत्र सत्यापन हेतु वांछित प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति ईमेल (merittracwork@gmail.com) के माध्यम से दिनांक 12.04.2020 तक उपलब्ध कराने के लिए सूचित किया गया था। परन्तु कतिपय शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों के द्वारा वांछित प्रमाण–पत्रों की प्रति उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

अतः एतद् द्वारा सभी संबंधितों को पुनः सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 15/04/2020 तक सभी वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति Email ID – merittracwork@gmail.com पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक प्रमाण–पत्र उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में नियोजन हेतु उनका दावा रद्द करते हुए चयन सूची के निर्माण की कार्रवाई की जायेगी तथा भविष्य में इस हेतु कोई दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक निदेशक